आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 21.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य स्वास्थ्य विभाग भीषण गर्मी और संभावित हीट वेव से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार।
- गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से कोटद्वार–नजीबाबाद मार्ग सहित कई सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की मांग की।
- हेमकुंड साहिब यात्रा के पहले जत्थे को ऋषिकेश से रवाना किया गया, 23 मई को खुलेंगे कपाट।
- केंद्र सरकार की नई वीबी–जी राम जी योजना एक जुलाई से लागू होगी, ग्रामीण श्रमिकों को अब साल में 125 दिन का रोजगार मिलेगा।
- टिहरी गढ़वाल में किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए सामूहिक चेनलिंक फेंसिंग योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

राज्य में लगातार बढ़ते तापमान और मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग भीषण गर्मी और संभावित हीट वेव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी दिशा–निर्देशों के तहत सभी स्वास्थ्य इकाइयों को हीट–सम्बंधित बीमारियों की रोकथाम और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जारी निर्देशों में सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को हीट–सम्बंधित बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए व्यापक तैयारियां करने को कहा गया है। राज्य के जिला और उप–जिला अस्पतालों में हीटस्ट्रोक कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन कक्षों में मरीजों को तत्काल राहत देने के लिए कूलिंग सिस्टम, आइस पैक और पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। "पहले ठंडा करें, फिर परिवहन करें" प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया है, ताकि गंभीर मरीजों की जान बचाई जा सके। स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि राज्य सरकार हीट वेव की चुनौती को लेकर पूरी तरह गंभीर है और सभी जिलों को समय रहते तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में हीटस्ट्रोक कक्ष, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने हरिद्वार में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात कर गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों को लेकर चर्चा की।

सांसद ने विशेष रूप से लंबे समय से लंबित कोटद्वार–नजीबाबाद मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया।

बैठक के दौरान श्री बलूनी के आग्रह पर मंत्री ने नजीबाबाद–हरिद्वार मार्ग और गुमखाल–सतपुली मार्ग के निर्माण कार्य के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए।

आगामी मानसून को देखते हुए सांसद ने लैंडस्लाइड जोन में आने वाले मार्गों की तत्काल जांच और मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सभी अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हेमकुंड साहिब जत्था रवाना

दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने पंज प्यारों के नेतृत्व में हेमकुंड साहिब यात्रा के पहले जत्थे को ऋषिकेश स्थित गुरुद्वारा परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पुष्प वर्षा, बैंड–बाजों की धुन और "जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं का जत्था अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ।

उपराज्यपाल ने संगत को संबोधित करते हुए सिख धर्म की महिमा, हेमकुंड साहिब यात्रा की पावन परंपरा और यात्रा की गरिमा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के लिए सुखद, सुरक्षित और निर्विघ्न यात्रा की कामना करते हुए गुरु महाराज के समक्ष अरदास भी की।

गौरतलब है कि हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

वीबी–जी राम जी

देश के ग्रामीण क्षेत्रों को विकास और रोजगार की नई दिशा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने वीबी–जी राम जी कानून की अधिसूचना जारी कर दी है। यह योजना आगामी एक जुलाई से पूरे देश में लागू होगी। नया कानून मनरेगा का स्थान लेगा।

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि नई योजना को चार श्रेणियों और 28 उप–श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें 318 प्रकार के कार्य शामिल किए गए हैं। जबकि मनरेगा में 266 प्रकार के कार्य शामिल थे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत जल सुरक्षा और संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन और प्रतिकूल मौसम से निपटने से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

टिहरी सामूहिक चेनलिंक फेंसिंग योजना

टिहरी गढ़वाल में किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए कृषि विभाग सामूहिक चेनलिंक फेंसिंग योजना को प्राथमिकता दे रहा है।

मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराणी ने बताया कि कृषि विभाग ने सामूहिक रूप से चेनलिंक फेंसिंग कराने की योजना तैयार की है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। जिला योजना के अंतर्गत इस वर्ष टिहरी जिले में 50 किलोमीटर फेंसिंग कराने का लक्ष्य रखा गया है।

विभाग के अनुसार योजना के तहत कुल लागत का 80 प्रतिशत खर्च कृषि विभाग वहन करेगा, जबकि 20 प्रतिशत राशि किसानों को देनी होगी। इससे किसानों की सहभागिता बढ़ेगी और अधिक लोग योजना से जुड़ सकेंगे।

जंगल में लगी आग

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय के बाड़ाहाट रेंज में ज्ञानसू क्षेत्र के जंगलों में सिविल भूमि पर लगी आग ने विकराल रूप ले लिया है। तेज गर्मी और हवा के कारण आग तेजी से फैलते हुए बाड़ाहाट रेंज के वन क्षेत्र तक पहुंच गई।

वन विभाग के कर्मचारी वरुणावत क्षेत्र में फायर कटिंग कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर वन विभाग की कई टीमें तैनात हैं, जो लगातार जंगलों को आग से बचाने में जुटी हुई हैं।

बाड़ाहाट रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया कि आग पहले सिविल भूमि में लगी थी, लेकिन बाद में परिस्थितियों के कारण यह वन क्षेत्र की ओर फैल गई। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

सख्त कार्रवाई के निर्देश

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने हरिद्वार में बाघ की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से बातचीत कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ठोस पैरवी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस मामले में किसी विभागीय अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उच्च स्तरीय जांच कर उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि हरिद्वार के श्यामपुर क्षेत्र में एक मादा बाघ का शव मिला था, जिसके चारों पैर कटे हुए पाए गए थे। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक वन गुर्जर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

दून में अस्पताल में लगी आग, महिला की मौत, 10 घायल– इस समाचार शीर्षके साथ अमर उजाला लिखता है– अस्पताल में एसी में हो गया शॉट सर्किट। इस खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– धुएं से दम घुटने के कारण महिला मरीज की मौत। पूरा अस्पताल खाली कराया गया।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री की अंतिम विदाई को आज सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– पूर्व सीएम जनरल खंडूड़ी को नम आंखों से अंतिम विदाई, पंचतत्व में विलीन।

प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एआई से अंतरिक्ष तक भारत–इटली साथ बढ़ेंगे।

एक अन्य खब पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है– सोनप्रयाग में फंसे दस हजार यात्रियों को सुरक्षित निकाला।